तापमान
अधिकतम 000 डिग्री
न्यूनतम 000 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 26 सितंबर 2024

11 जल जगार महोत्सव में स्वयंसेवी संस्थाओं...

12 श्रीमद्भागवत कथा बड़े से बड़े पापियों को भी पापमुक्त कर...




## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर आज



**मगरलोड।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में रक्तदान शिविर का आयोजन 26 सितंबर गुरुवार को सुबह 11 बजे किया गया है। यह जानकारी बीपीएम मनोज पटेल ने दी है।

### झुरानवागांव में अखंड रामधुनी आज से

**कुरुद।** ग्राम झुरा नवागांव में 26, 27, 28 व 29 सितंबर को अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह आयोजन का 72वां वर्ष है। प्रत्येक मंडली को 2200 रु. सांत्वना राशि दी जाएगी। स्थान प्राप्त करने वाली मंडली को आकर्षक पुरस्कार एवं शील्ड भेंटकर सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम विकास समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी जुटे हैं। यह जानकारी समिति के कोषाध्यक्ष टीकाराम साहू ने दी है।

### आमदी में रामधुनी स्पर्धा 27 से

**आमदी(धमतरी)।** पितृपक्ष पर नवयुवक रामधुनी समिति शांति चौक एवं नगरवासियों के सहयोग से आमदी में 27, 28 एवं 29 सितंबर को छत्तीसगढ़ स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रवेश शुल्क 101 रूपये है। झांकी में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय 2501, तृतीय 2001, चतुर्थ 1501 एवं पंचम पुरस्कर 1001 रूपये रखा गया है। गायन पर विशेष पुरस्कार 501 रूपये, झांकी पर 501 रूपये, नृत्य पर 501 रूपये, संगीत पर 501 रूपये, अनुशासन पर 501 रूपये रखा गया है। प्रत्येक मंडली को सांत्वना राशि 2501 रूपये दी जायेगी।

### चंदनबिरही में कबड्डी प्रतियोगिता 29 को

**पुरूर(धमतरी)।** जय हो कबड्डी टीम एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम चंदनबिरही में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 29 सितंबर को आयोजित की गई है। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 11001 रूपए, द्वितीय 7001, तृतीय 4001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपए दिए जाएंगे। प्रवेश शुल्क 301 रूपए रखा गया है।

### छाती में आज से रामकथा



**पुरी।** कृषि उपज मंडी छाती में आज से 30 सितंबर तक कथा होगी। कथा दोपहर 1 बजे शुरू होगी। भक्तगण तैयारी में जुटे हुए हैं। कथावाचक कामदगिरि जगद्गुरु श्रीराम स्वरूपाचार्य महाराज चित्रकूट मध्यप्रदेश होंगे। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने दी है।

### भर्रीगांव में रामधुनी प्रतियोगिता 26 से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम भर्रीगांव में पितृपक्ष की मातृ नवमी पर संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 26 सितम्बर से 28 सितम्बर तक किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 सितम्बर को शाम 5 बजे एचआर साहू के मुख्य आतिथ्य, सरपंच सुनीता साहू की अध्यक्षता व रविन्द्र साहू, रामप्रकाश तुरतिया, हेमंत साहू, सेवकराम साहू के विशेष आतिथ्य में होगा। समापन एवं पुरस्कार वितरण 28 सितम्बर को रात्रि 8 बजे होगा। मुख्य अतिथि विजय वर्मा होंगे। अध्यक्षता भगवानीराम साहू करेंगे।

---

**मंदिरों की पवित्रता का मुद्दा :** घी की शुद्धता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच लोगों का संदेह बढ़ा

# नवरात्रि में कहीं आस्था के नाम पर खिलवाड़ तो नहीं!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

नकली घी की पोल खुलने के बाद अब लोगों का संदेह बढ़ गया है। बड़ी संख्या में लोग नवरात्रि पर मंदिरों में घी की ज्योति जलवाते हैं। अब वे घी की शुद्धता को लेकर संशय में हैं। कई लोगों ने तो घी की जगह अब तेल की ज्योति जलवाने में भलाई समझी है। उधर देवी मंदिरों में घी की ज्योति जलाने में सावधानी बरती जा रही है।

तिरूपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में घी की जगह मिलावटी घी का उपयोग करने के मामले में पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। इस बीच नवरात्रि का पर्व भी पड़ रहा है। नवरात्रि में पूरे जिलेभर के देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति जलाई जाती है। कई मंदिरों में घी और तेल की मनोकामना ज्योति दोनों का आप्शन है, जबकि कुछ मंदिरों में सिर्फ घी की ज्योति जलाई जाती है। तिरूपति बालाजी मंदिर में मिलावटी घी का मामला सामने आने के बाद नवरात्रि पर जलने वाले घी की मनोकामना ज्योति पर बहस छिड़ गई है। इसके साथ ही प्रसाद में उपयोग होने वाले घी की क्वालिटी को लेकर भी लोग संदिग्ध हैं। मंदिरों में या अन्य संस्थाओं में घी की शुद्धता जांच की कोई व्यवस्था नहीं है। हालांकि कुछ ट्रस्ट ने सामान्य मैनुअल विधि से घी की जांच करने के लिए हामी भरी है। उधर मंदिरों में मनोकामना ज्योति के लिए पंजीयन भी चालू है।

### ज्योति कलश प्रज्ज्वलन को लेकर मंदिरों में बढ़ाई सावधानी



#### विभाग द्वारा जांच संभव नहीं

खाद्य औषधि प्रशासन विभाग केवल खाद्य पदार्थों में उपयोग होने वाली चीजों की जांच कर सकता है। नवरात्रि पर प्रसाद, होटलों की मिठाइयां, दुकानों में रखे घी की सेम्पलिंग की जाएगी। मंदिरों में जलने वाले ज्योति कलश के घी खाने के लिए नहीं होते हैं। विभाग द्वारा इनकी जांच संभव नहीं है।

**- फनेश्वर पिथौरा,** *फूड सेफ्टी आफिसर*

#### देवभोग का घी मंगाया

माता विंध्यवासिनी के दरबार में केवल घी का मनोकामना ज्योति कलश जलाया जाता है। देशभर में घी की शुद्धता लेकर सवाल उठने के बाद मंदिर ट्रस्ट भी चिंतित हैं। ट्रस्ट के सतीश पवार ने बताया कि धमतरी की अधिष्ठात्री मां विंध्यवासिनी मंदिर में केवल जिले के श्रद्धालु नहीं बल्कि देश विदेश के श्रद्धालु ज्योति जलवाते हैं। उनकी आस्था मंदिर से जुड़ी है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं की आस्था और भावनाओं का पूरा ख्याल रखा जाता है। 9 दिनों तक ज्योति की देखरेख बच्चों के समान की जाती है। शासन के निर्देश पर देवभोग ब्रांड का घी आर्डर किया गया है। यदि देवभोग से पूरा घी नहीं मिलता है तो एफएसएसएआई मार्का वाले घी का उपयोग किया जाएगा। वैसे भी मंदिर में हमेशा एफएसएसएआई मार्का वाले घी से ज्योति जलाई जा रही है। यह मार्का शासन द्वारा दिया जाता है।

#### आपूर्ति पर भी सवालिया निशान

मिली जानकारी के अनुसार एक ज्योति को 9 दिन तक जलाने के लिए ढाई से तीन लीटर तेल या घी की खपत होती है। ऐसे में नवरात्रि पर मंदिरों में बड़ी मात्रा में घी की खपत होती है। यह स्थिति केवल धमतरी में ही नहीं बल्कि पूरे देश में रहती है। जहां पर मंदिरों में हजारों लीटर घी की खपत होती है। हमारे यहां घी का उत्पादन इतना नहीं होता है कि इस डिमांड को पूरा किया जा सके। एक साथ इतनी बड़ी मात्रा में घी की सप्लाई होना भी बड़ा सवाल खड़ा करता है। मंदिरों द्वारा बड़ी-बड़ी सप्लाई एजेंसियों से घी मंगाई जाती है। अधिकांश घी और तेल की सप्लाई रायपुर से होती है।

#### प्रदेशभर में हो रही जांच

फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट द्वारा प्रदेशभर के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में घी की शुद्धता की जांच शुरू हो गई है। यह जांच केवल उन मंदिरों में हो रही है, जहां पर प्रसाद वितरित किए जाते हैं। दंतेवाड़ा, डोंगरगढ़, रतनपुर में बुधवार को ही प्रसाद की सेंपलिंग की गई। मनोकामना ज्योति के लिए जलाए जाने वाले घी की जांच अभी कहीं पर नहीं की जा रही है। वहीं महासमुंद के प्रसिद्ध घुंचापाली चंडी मंदिर सहित प्रदेश के कई देवी मंदिरों में घी की ज्योति जलाना ही बंद कर दिया गया है।

---

## डूमरपाली को स्वतंत्र पंचायत का दर्जा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



मगरलोड ब्लाक के ग्राम पंचायत डूमरपाली को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग ग्राम समाज डूमरपाली ने की है। ग्राम समाज के अध्यक्ष प्रभुराम पटेल, ग्राम पटेल मनोहर साहू, सुकलाल, यादराम निषाद, भरोसाराम, पवनकुमार आदि ने जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम पंचायत डूमरपाली तथा आश्रित ग्राम नारधा 30 वर्ष से संयुक्त रूप से एक साथ हैं। वर्तमान में डूमरपाली की संख्या 1200 व मतदाता 800 हैं। 2011 के सर्वे में यहां की जनसंख्या 1018 थी। आश्रित ग्राम होने के कारण ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में डूमरपाली को स्वतंत्र पंचायत बनाना जरूरी है। ग्रामीणों ने स्वतंत्र पंचायत का दर्जा देने की मांग की है।

## मछली पकड़ने गए ग्रामीण की जाल में फंसने से मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

मछली पकड़ने गए एक ग्रामीण की जाल में फंसने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ग्रामीण अपनी पत्नी के साथ नहर नाली में मछली पकड़ने गया था। उसी दौरान वह नाली में मछली पकड़ने के लिए लगाए गए जाल में फंस गया और उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक मामला सिहावा थाना इलाके के ग्राम खम्हरिया का है। सांकरा से खम्हरिया मुख्य मार्ग के किनारे नहर नाली में ग्रामीण बरातूराम रात्रे उम्र 55 वर्ष मंगलवार की रात को मछली पकड़ने के लिए जाल फंसाकर रखा था। बताया जा रहा है कि वह झोपड़ी बनाकर नाली के किनारे सोया हुआ था। उसी दौरान वह गिरकर जाल में फंस में गया और उसकी मौत हो गई। नाली में गिरने की वजह से वहां पर रखे पत्थर से उसे चोट भी लगी है। इधर मामले की सूचना मिलते ही सिहावा पुलिस मौके पर पहुंच गई और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## डुबान संघर्ष समिति बेरोजगार संघ ने मांगा रोजगार



- कलेक्टर दर पर जल संसाधन विभाग में नौकरी देने की मांग
- कलेक्टर को मंत्री केदार कश्यप के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

डुबान संघर्ष समिति स्थायी युवा बेरोजगार संघ ने सिंचाई विभाग में रोजगार दिलाने की मांग फिर से उठाई है। बुधवार को संघ ने जल संसाधन विभाग मंत्री केदार कश्यप के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि धमतरी एवं कांकेर जिले में बड़े-बड़े बांध हैं। जिसके अंतर्गत मुख्य नहर, ग्राम नहर, लघु नहर संचालित होती है। यहां कार्यरत कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने से अमले की कमी है। बांध, नहर के रखरखाव तथा सुरक्षा नहीं हो पा रही है। बांध तथा नहर जीर्णशीर्ण होते जा रहे हैं। इनकी देखरेख के लिए कर्मचारियों की भर्ती करने की तत्काल आवश्यकता है। ज्ञापन में कहा गया है कि जल संसाधन सचिव के अनुसार स्थानीय युवक-युवतियों की भर्ती का कोई नियम नहीं है। संघ ने मंत्री से मांग की है कि स्थानीय बेरोजगारों के लिए भर्ती का नियम बनाया जाए और तत्काल व्यवस्था के लिए स्थानीय बेरोजगारों को कलेक्टर दर पर दैनिक वेतन भोगी के रूप में रोजगार प्रदान किया जाए।

डुबान संघर्ष समिति के अध्यक्ष कुंवरसिंग ध्रुव ने बताया कि बुधवार को समिति ने कलेक्टर से मुलाकात हुई। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर एक सप्ताह में संघ को सूचित किया जाएगा। कलेक्टर से चर्चा के दौरान नरसुराम कुंजाम, सत्यनारायण साहू, कुलेश्वर, चंद्रशेखर साहू, नरेशकुमार, जीतूदास, उमेशकुमार, सूर्यकांत, भूमिका, फूलसिंग निषाद, गीता साहू, देवानंद, बृजेश नेताम आदि मौजूद थे।

## जबर्रा में चार साल पूर्व स्वीकृत मुख्यमंत्री सड़क आज भी अधूरी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

वनांचल क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना का बुरा हाल है। बुधवार को जबर्रा के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को पत्र सौंपकर सड़क निर्माण की जांच तथा अधूरे कार्य को पूर्ण कराने की मांग की है।

नगरी तहसील के ग्राम जबर्रा से पहुंचे ग्रामीण माधवसिंह, राजकुमार नेताम, रामकुमार यादव ने बताया कि चार साल पहले चारगांव फाटक से जबर्रा, मारागांव लगभग 18 किमी रास्ता मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत हुआ है। चार साल में सड़क अधूरी ही बनी है। कागज में बेंद्रानाला का पुल तैयार हो गया है जबकि धरातल पर पुल नहीं बना है। पुल नहीं बनने से 15 से 16 गांव बाढ़ प्रभावित हो जाते हैं। सड़क निर्माण को आधा अधूरा छोड़ दिया गया है। विभाग से जानकारी लेने पर फंड खत्म होना बताया जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सड़क निर्माण की जांच कर कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।

## साइबर अधिकारी बताकर युवक से की 87 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

- युवक पर अश्लील वीडियो देखने का लगाया आरोप

युवक को अश्लील वीडियो देखने के नाम पर दहशत में लाकर अपने आपको साइबर अधिकारी बताकर 87 हजार की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारपथरा के एक 22 वर्षीय युवक ने शिकायत दर्ज कराई है कि 20 सितंबर को उसके मोबाइल पर फोन आया। जिसमें कहा कि उन पर अश्लील वीडियो देखने के जुर्म में सात साल का मुकदमा चलाया जाएगा। फोन करने वाले ने अपने आपको एसआई साइबर भोपाल का होना बताया। फोन सुनकर वह डर गया, फिर कहा कि अगर जुर्माने की राशि का भुगतान करते हो तो सभी डेटा डिलीट कर उसके खिलाफ कोई मुकदमा नहीं चलाया जाएगा। दहशत में आकर युवक ने 87 हजार रूपए यूपीआई ट्रांजेक्शन फोन पे द्वारा बताए गए नंबर पर किया। उसके बाद 21 सितंबर को फर्जी साइबर अधिकारी युवक से दोबारा 30 हजार रुपए की मांग करने लगा। लगातार रूपए की मांग किए जाने पर युवक को ठगी का एहसास हुआ। तत्पश्चात युवक ने भखारा थाना पहुंच शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318/4, 351/4 के बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।




## नवरात्रि में भी डीजे रहेगा प्रतिबंधित



- दुर्गोत्सव समितियों के साथ कलेक्टर की हुई बैठक

**धमतरी।** क्वांर नवरात्रि पर्व को लेकर दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों की कलेक्टर नम्रता गांधी ने बैठक ली जिसमें डीजे बजाने की परमिशन को लेकर चर्चा हुई। नगर की दुर्गोत्सव समितियों के सदस्य कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सदस्यों ने क्वांर नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा की प्रतिमा को पंडालों में लाते समय विसर्जन के दौरान डीजे बजाने की परमिशन मांगी। इस दौरान सदस्यों ने कुकरेल में आयोजित शिवमहापुराण में तय डेसीबल से अधिक आवाज में साउंड बजने तथा गरबा आयोजन में डीजे का तर्क दिया। कलेक्टर ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देकर डीजे बजाने पर जारी प्रतिबंध को यथावत रखा है।

---

**कलेक्टर ने वीसी के जरिए ली सरपंच-सचिवों की बैठक**

## सप्ताह में कम से कम 2 घंटे साफ-सफाई में अपना योगदान दें : नम्रता

- जल जगार महोत्सव में अपनी सहभागिता निभाने कहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी






कलेक्टर नम्रता गांधी ने विकासखंड धमतरी, कुरुद, मगरलोड और नगरी के सरपंच, सचिवों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता ही सेवा और शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर एनआईसी कक्ष धमतरी में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, उप संचालक पंचायत अविनाश मसराम सहित अन्य अधिकारी और संबंधित जनपद पंचायतों के अधिकारी तथा सरपंच, सचिव वीसी के जरिए जुड़े रहे।

बैठक में कलेक्टर सुश्री गांधी ने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही बीते 17 सितम्बर से राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत आप सभी अपने गांव को स्वच्छ बनाएं, इसके लिए प्लास्टिक का कम उपयोग करें। अनुपयोगी सामग्री का सुनियोजित ढंग से निपटान करें। सप्ताह में कम से कम 2 घंटे स्वच्छता अभियान के तहत अपने आसपास सार्वजनिक स्थल, तालाब, कुआं, हैंडपंप के समीप साफ-सफाई में अपना योगदान दें। उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास की भी प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में निर्मित किये जा रहे आवासों को शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर ने सभी सरपंच, सचिवों से आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में जल जगार महोत्सव में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाने की अपील की। 2 अक्टूबर को आयेजित होने वाली ग्राम सभा में ग्राम पंचायत एंव उनके आश्रित ग्राम के कुल 22 ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम घोषित करने हेतु तैयारी करने को कहा। इसके अलावा ग्रीष्मकालीन फसल में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन की फसल लेने किसानों को प्रोत्साहित करने भी कहा।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**

## प्राणेश पाण्डेय का सीआईएल में चयन

**नगरी।** नगर के रामनगर वार्ड क्र.3 निवासी प्राणेश पाण्डेय का चयन



भारत सरकार के कोयला विभाग (सीआईएल) में अधिशासी अधिकारी (असिस्टेंट मैनेजर सिविल) के पद पर हुआ है। वे चंद्रकांत - लक्ष्मी पाण्डेय के पुत्र हैं। प्राणेश ने अपनी प्रारंभिक स्कूली शिक्षा नगरी के प्रोविडेंस एवं जीनियस पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। छू लो आसमान, दंतेवाड़ा से हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण करने के बाद कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज भिलाई से बीटेक (सिविल इंजीनियरिंग) में ग्रेजुएट हुए। वे वर्तमान में आईआईटी बाम्बे से एमटेक कर रहे थे। एक चर्चा में प्राणेश ने बताया कि उन्होंने आत्मविश्वास और सोच हमेशा बड़ी रखी है। शिकायत करने के बजाय इसे अपने प्रीपरेशन का सबसे शक्तिशाली हथियार और मोटिवेशन बनाना चाहिए, क्योंकि यही चीजें आपको अपने लक्ष्य में बांधे रखेंगी। कभी-कभी नकारात्मक विचार भी हावी होते हैं, तो तनावमुक्त रहने के लिए हमेशा अपने परिवार एवं अच्छे दोस्तों से खुलकर बातें करना फायदेमंद होता है। मुझे प्रोत्साहित रखने में मेरे पिता की मुख्य भूमिका रही। उनकी इस उपलब्धि पर छोटेलाल पाण्डेय, सूर्यकांत, लक्ष्मीकांत, विजयकांत पाण्डेय समेत अनेक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## डॉ.चोवाराम को मिला रामधारी सिंह दिनकर साहित्य सेवा सम्मान

**जीजामगांव।** राष्ट्रभक्ति एवं वीर रस से ओतप्रोत महान कवि रामधारी



सिंह दिनकर की जयंती पर राजकुमार जायसवाल विचार क्रांति नमो फाऊंडेशन सिंगरौली द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश से सैकड़ों प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। उक्त सम्मान के लिए 175 साहित्यकारों को रामधारी सिंह दिनकर साहित्य सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में हिन्दी साहित्य में रचनात्मक योगदान के लिए डॉ.चोवाराम यदु सिर्वे निवासी को रामधारी सिंह दिनकर साहित्य सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मिलने पर डॉ. यदु ने नमो फाउंडेशन सिंगरौली के संयोजक एवं सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बारना में सुप्रजा पर हुई कार्यशाला



**कुरुद।** आयुष राष्ट्रीय मिशन के तहत सुप्रजा (गर्भसंस्कार) कार्यक्रम ग्राम पंचायत बारना में मनाया गया। इस कार्यक्रम डॉ. प्रेमा सिंह (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) शासकीय आयुर्वेद औषधालय छाती द्वारा गर्भवती माताओं को गर्भसंस्कार, दिनचर्या, आहार-विहार स्वर्णप्राषण, योग एवं स्वास्थ्य के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में उपसरपंच दौलतराम साहू, केवल यादव, द्रोणेश्वरी साहू सीएचओ, शैलेंद्री साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नंदनी पटेल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ललिता प्रजापति मितानिन, लक्ष्मी बघेल मितानिन, प्रभा साहू मितानिन, अनामिका यादव मितानिन, डोमन साहू पीटीएस, गर्भवती माताओं एवं ग्रामीणजनों का सहयोग रहा।

## बांधा में वयोवृद्ध दिवस मनाया गया



**नगरी।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर बांधा द्वारा महमल्ला और बांधा में वयोवृद्ध दिवस मनाया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के आरएचओएम दुर्गेश ध्रुव, सीएचओ पुजागज ने इलाज किया। बिछबी मरकाम, बुधारू मरकाम समेत अनेक वयोवृद्ध लाभान्वित हुए।

### पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# 47 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन आरोपियों को 47 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा के नेतृत्व में भखारा, कुरूद एवं बिरेझर चौकी पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर अवैध शराब के खिलाफ अभियान शुरू किया गया। संयुक्त टीम ने मुखबिर के बताए स्थान ग्राम रामपुर पहुंचकर रेड की कार्रवाई की। इस दौरान कर्ण कुमार रात्रे पिता राधेश्याम उम्र 26 वर्ष ग्राम रामपुर थाना भखारा



निवासी के कब्जे से प्लास्टिक के दो डिब्बे में 17 लीटर अवैध शराब कीमत 34 सौ रूपये बरामद की। इसी तरह मोहन लाल रात्रे पिता रामधीन उम्र 60 वर्ष ग्राम रामपुर निवासी के कब्जे से एक प्लास्टिक डिब्बा में 15 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 3 हजार रूपये जब्त की। वहीं उर्मिला भारती पति व्यासनारायण उम्र 55 वर्ष ग्राम रामपुर निवासी के कब्जे से 15 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 3 हजार रूपये बरामद की गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों से 47 लीटर अवैध महुआ शराब कुल कीमत 9 हजार 400 रूपये को जब्त किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट 32(2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में कुरूद थाना, भखारा थाना व बिरेझर चौकी पुलिस की सराहनीय भूमिका रही।

# अरौद के स्वास्थ्य शिविर में 95 लोगों की टीबी, शुगर, बीपी की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम अरौद में स्वास्थ्य विभाग व पिरामल फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सीएचओ आरएचओ, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिन का सहयोग रहा। शिविर में कुल 95 लोगों की टीबी, शुगर, बीपी की जांच की गई। 70 लोगों के बलगम का सैंपल लिया गया। शिविर में टीबी मुक्त पंचायत के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, युवा, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पिरामल टीम की प्रोग्राम लीडर ने टीबी रोग के लक्षण, उपचार और असुविधा, टीबी मुक्त पंचायत और रैफरल पर विस्तार से चर्चा की। टीबी मुक्त पंचायत पहल का मुख्य उद्देश्य टीबी से मुक्ति पाना, उनका सही इलाज करना और समुदाय को टीबी से मुक्त कराना है। गांव के सचिव ने पिरामल टीम और स्वास्थ्य विभाग का आभार माना।

# मड़ेली में नवरात्रि पर 12 ज्योतिर्लिंग के होंगे दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम मड़ेली में इस वर्ष क्वांर नवरात्रि धूमधाम से मनाई जाएगी। नवजागरण दुर्गा उत्सव समिति हटरी चौक मड़ेली के तत्वापधान में माता रानी का एक विशाल पंडाल 2 हजार वर्ग फीट का निर्माण किया जा रहा है जिसमें 12 ज्योतिर्लिंग के दिव्य दर्शन होंगे। भगवान शंकर के अर्धनारेश्वर रूप की 8 फीट के मूर्ति विराजमान होंगे। इसकी तैयारी में निरंजन निषाद बैगा, राजेश बैस, गोलू साहू, डागेश बैस, एवन निषाद, देवा सेन, प्रतीक चौहान, कुंवर धीवर, मोहन साहू, अमित साहू, यशवंत यादव, विक्रम साहू सहित समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

# अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सदैव जागरूक रहें : हितनारायण

- कुरूद कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वयंसेवक होना गर्व की बात है। एनएसएस का स्वयंसेवक अन्य विद्यार्थियों से बिल्कुल अलग होता है। वह महाविद्यालय एवं समाज में अपनी एक अलग पहचान रखता है। प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष हितनारायण टण्डन ने कहा कि अध्यापन के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भी विद्यार्थियों को भाग लेना चाहिये। पढ़ने के साथ साथ सामाजिक, राजनीतिक एवं अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिये। हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सदैव जागरूक रहना चाहिये। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आपके व्यक्तित्व को परिष्कृत और परिमार्जित कर आपको बहुआयामी बनाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर आप एक जागरूक नागरिक बनते हैं और कोई भी देश उसके नागरिकों से ही जाना जाता है जिस देश के नागरिक जितने अच्छे होते हैं वह देश उतना ही अच्छा होता है। इस अवसर पर पुराने स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार रखे।

स्वयंसेविका भूमिका डाहरे ने एनएसएस की स्थापना और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य डा. डीके राठौर सहित जनभागीदारी समिति के सदस्य शशांक कृदत्त, धनेश्वर निर्मलकर, अनुराधा साहू, खेमराज सिन्हा, स्वयंसेवक मोजेश साहू, केशव ध्रुव, यामिनी कंवर, तुलेश्वरी साहू, जागेन्द्र सिंह, विषभ सोनकर, रोशनी साहू सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# एकात्म मानववाद के प्रणेता को किया नमन

- मोर बूथ मोर अभियान के तहत भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में 350 सदस्य बनाये गये

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

25 सितंबर को पूरे देश में भाजपा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया जिसे भाजपा महासदस्यता अभियान नाम दिया गया है। महामानव और एकात्म मानववाद के प्रणेता, भाजपा और जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल की जयंती पर उनके छायाचित्रण पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। वही इस दिन को ख़ास बनाने के लिए प्रत्येक बूथ में भाजपा महासदस्यता अभियान के तहत 100 लोगों को सदस्यता बनाने का लक्ष्य दिया गया है। छिपलीपारा सिहावा में घर-घर पहुंचकर जिला अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने एक ही दिन में 350 महिला पुरुष सदस्य बनाया। छिपलीपारा में 450 सदस्य बनाये जा चुके हैं। इस अवसर पर छिपलीपारा



में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने माल्यार्पण कर उनके योगदान को नमन किया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कमलसिंह पवार, नारायणसिंह बैस, शक्ति केंद्र प्रभारी नरेंद्र सेन, बूथ अध्यक्ष बंशी कुंजाम, नेमसिंह साहू, महेंद्र साहू, सरपंच शारदा ध्रुव, पीलाराम, कुंवरसिंह निषाद, सुरजोतिन साहू, चंद्राबती नेताम, टीकू ध्रुव, रामेश्वरी निषाद, संतोष पवार, निर्मला साहू, मन्नू साहू, रामेश्वरी निषाद, तुलसी ध्रुव, शिवराज बैस, गोलू, तेजेश्वर घृतलहरे, भागवत पटेल, सुरभि यादव, संजय साथी, सुधीर बैस, भारत, टीतराम ध्रुव, तुकाराम साहू, बुदेश्वर साहू उपस्थित थे।

## मेडिकल रिलिफ फंड से किया आर्थिक सहयोग



**कुरुद।** संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति कुरूद द्वारा संचालित मेडिकल रिलिफ फंड के पंजीकृत सदस्य जीवनलाल भारद्वाज शिक्षक शासकीय माध्यमिक कन्या शाला मड़ेली कुरूद के अस्वस्थता के चलते नियमानुसार बीस हज़ार रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर संयुक्त शिक्षक संघ के अध्यक्ष हुमन चंद्राकर, रिलिफ फंड के अध्यक्ष पुरुषोत्तम निषाद, जिला प्रवक्ता निरंजन साहू, संघ के संकुल संयोजक डामेंद्र कुमार साहू, संजय कुमार साहू, युवराज निषाद, कुलेश्वर प्रसाद देवांगन, सुरेश बघेल, अनिरुद्ध कुमार साहू, हेमन सोरी, प्रवक्ता निरंजन साहू ने इस जनहितार्थ योजना की तारीफ करते हुए शिक्षक-शिक्षकाओं से इस फंड से जुड़ने की अपील की।

# शिक्षा के बिना समाज की तरक्की नहीं : लक्ष्मी

**भुरसीडोंगरी में गोंड़वाना समाज ने मनाया नवाखाई मिलन समारोह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





ग्राम भुरसीडोंगरी में आदिवासी गोंड़वाना समाज उपक्षेत्र बरबांधा का नवाखाई मिलन समारोह कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथियों का स्वागत आदिवासी गोंड़वाना समाज के रीति-रिवाज के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डा. लक्ष्मी ध्रुव, विशेष अतिथि धांधू राम नेताम अध्यक्ष गोंड़वाना समाज उपक्षेत्र बरबांधा, सुखचंद मरकाम जनपद सदस्य भुरसीडोंगरी, साधुराम नेताम सलाहकार तहसील नगरी, पीलाराम कोर्राम उपाध्यक्ष तहसील नगरी, रमेश मरकाम अध्यक्ष कर्मचारी प्रभाग, सुशीला नागेश अध्यक्ष महिला प्रभाग, शिवराज मरकाम अध्यक्ष युवा प्रभाग, फूलसिंह सोरी पूर्व अध्यक्ष, मनीराम साहू पूर्व सरपंच भुरसीडोंगरी, दीपक साहू अध्यक्ष साहू समाज भुरसीडोंगरी, शंकरलाल पटेल अध्यक्ष पटेल समाज, मोती सेन अध्यक्ष सेन समाज, राधाबाई मरकाम संरक्षक, रोहणी नेताम सरपंच भुरसीडोंगरी, बरनीबाई मंडावी सरपंच घुरावड़, केशरी नेताम सरपंच जैतपुरी, डायनसिंह कोर्राम सरपंच बरबांधा, आत्माराम सोरी सरपंच आमगांव, मंगाऊराम मरकाम, लखमूराम मरकाम, संजु वट्टी थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती ध्रुव ने कहा कि गोंड़वाना समाज नवाखाई मिलन समारोह समाज में एकता, अखंडता, भाईचारे, रीति नीति, संस्कृति, सभ्यता के भाव को सदैव क़ायम रखने के लिए मनाता है। इससे समाज को एक नई दिशा व दशा मिलती है। आज के परिवेश में शिक्षा को महत्त्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि शिक्षा के बिना समाज की कल्पना भी नहीं कर सकते।

# एसटी, एससी की तरह ओबीसी समाज भी अपने अधिकार के लिए आगे आएं : कोसले

- आदिवासी भवन कुरूद में आयोजित हुआ संविधान जानो कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

धमतरी इकाई के तत्वावधान में संविधान की हीरक जयंती पर आदिवासी भवन कुरूद में संविधान जानो कार्यक्रम हुआ। सोशल जस्टिस एंड लीगल सेल के को-फाउंडर मेंबर विनोद कोसले ने एससी, एसटी समाज की तरह ओबीसी समाज को भी अपने अधिकारों के लिए आगे आने की बात कही।

श्री कोसले ने बताया कि आज



लोगों को संविधान को जानने की जरूरत है, तब कहीं अपने हक अधिकार को जान सकते हैं। अभी तक लोगों में जागरूकता नहीं आई है, इसलिए समाज शासन की गलत योजनाओं और सुप्रीम कोर्ट के गलत फैसलों का विरोध नहीं करते। संविधान जानो कार्यक्रम को लेकर हम गांव-गांव तक जाएंगे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला एससी-एसटी समाज को टुकड़ों में बांट देगा। समाज में उप वर्गीकरण और कोटा के अंदर कोटा करने से आरक्षण पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। तत्पश्चात संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। कार्यक्रम को पूर्व जज एसएल मात्रे, विश्वास मेश्राम, अश्वनी बंजारा संयुक्त संचालक कृषि विभाग, देवलाल भारती अपर सचिव, संतोष जांगड़े, श्री खटकर, देवचरण नेताम और पं. शंकर दादा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सोजलीफ के को-फाउंडर मेंबर भावसिंह डहरे ने किया। इस अवसर पर एससी एसटी और ओबीसी समाज के सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर हितनारायण टंडन, डोमन प्रकाश बंजारे, खिलावन बारले, गजेंद्र टंडन, रूपेंद्र बघेल, दिनेश्वर बंजारे, चंद्रकांत कुर्रे, हेमराज बंजारे का योगदान रहा।

**बाल कवियों ने माता-पिता, किसानों की दशा, देशभक्ति पर पढ़ी कविता**

# आओ कविता लिखें समूह के आठ बालकवि राजधानी में हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

राजधानी रायपुर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था वक्ता मंच द्वारा हिन्दी सेवा सम्मान 2024 का आयोजन जिला ग्रंथालय रायपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग राज्य विद्युत नियामक आयोग के निदेशक कमलेश दिल्लीवार थे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार शोभा देवी शर्मा ने की। विशेष अतिथि डॉ सत्यजीत साहू, राजकुमार धर द्विवेदी, यातायात प्रशिक्षक टीके भोई, आचार्य अमरनाथ त्यागी एवं लेखाधिकारी जी एल धीवर थे। इस दौरान हिंदी की निःस्वार्थ सेवा करने वाले साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी की साहित्यिक संस्था आओ कविता लिखें समूह के वरिष्ठ सदस्य, प्रमोद साहू, दिनेश कुमार साहू, नियति साहू कायनात, ईशा सेन आस्मा, विरम निषाद आसना, परमेश्वरी साहू, भावना साहू जज्बा, वंदना सेन ओस, लिलम बघेल को सम्मानित किया गया। आओ कविता



लिखें समूह के संस्थापक शिक्षक जितेंद्र सुकुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के 100 से अधिक साहित्यकार मौजूद थे। इस बीच बाल कवियों ने अपनी शानदार रचना पाठ से सभी का दिल जीत लिया। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, संयोजक शुभम साहू, राजाराम रसिक, राजकुमार द्विवेदी, दुष्यंत कुमार साहू ने शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बाल कवि नियति साहू और वंदना सेन ने हिन्दी भाषा पर कविता पढ़ते हुए समाज को संदेश देते हुए कहा कि यूं तो हम अपनी भाषा पर बड़ा रौब दिखाते हैं फिर क्यों मम्मी पापा को माता-पिता कहने से शर्माते हैं। उन्होंने भाषाओं की भिन्नता को स्पष्ट रूप से प्रकट करते हुए अपनी भाषाओं के प्रति प्रेम करने की नसीहत दी। बाल कवि दिनेश साहू ने किसानों की मार्मिक दशा को उकेरते हुए उन्हें उन्नत कृषक बनाने की दिशा में पंक्तियां पढ़ीं। इन्होंने किसानों की आत्महत्या जैसे मामले को अपनी कविताओं में स्थान दिया और कहा कि किसानों की परेशानियों को दूर भगाना है, आत्महत्या करने से बचाना है और किसानों का मन बढ़ाना है। लीलम बघेल ने देशभक्ति की कविता पढ़कर देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। विरम निषाद, ईशा और परमेश्वरी ने बेटियों पर कविता पढ़ी और खूब तालियां बटोरी।

## अंचल की खबरें

### पत्तों पर उकेरी एनएसएस डे आकृति




**नगरी।** लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ग्राम मोदे निवासी ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर पीपल के पत्तों पर नेशनल सर्विस सिस्टम लिखकर अपनी कला का एक बार फिर प्रदर्शन किया है।

### दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई



**सांकरा।** भाजपा के पुरोधा पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती ग्राम सांकरा कूप में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। मोर बूथ मोर अभियान के तहत सदस्य अभियान के महापर्व पर 100 सदस्य भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू किया गया और घर-घर जाकर 100 सदस्य जोड़े गए। मौके पर बूथ क्रमांक 238 के सदस्यता अभियान प्रभारी तुलसीराम कश्यप बूथ अध्यक्ष नवागांव, मोहित मरकाम, शक्ति केंद्र प्रभारी हुमन यादव, संयोजक नीलकमल मरकाम, सहसंयोजक कुंज लाल यादव, यशोदा साहू, जमुना ध्रुव, लता यादव, उषा ढीमर, हेमीन ढीमर, प्रमोद ढीमर, ललिता यादव, ज्योति ढीमर, शत्रुघन ध्रुव, वेदव्यास, गणेश एवं मितानिन उपस्थित थी।

### सिर्री में अखंड रामनाम सप्ताह का समापन आज



- झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोखा की प्रस्तुति होगी

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में गांव की सुख शांति और परिवारों की समृद्धि की कामना को लेकर 19 से 26 सितंबर तक अखंड रामनाम सप्ताह का आयोजन रखा गया। प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम गांव के बाजार चौक में होता है। प्रत्येक दिवस प्रत्येक घर से लोग बाजार चौक मंच में उपस्थित होकर 2 घंटे तक रामनाम का जाप एवं भजन कीर्तन करते हैं। रामधुनी मंडली ने प्रत्येक दिन शाम को झांकी एवं गायन की प्रस्तुति दी जिसका आनंद ग्रामीणों ने लिया। अंतिम दिवस 26 सितंबर को रात्रिकालीन नाचा झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम मोखा की प्रस्तुति होगी।

### पीड़ित परिवार को मिले उचित न्याय



- जिला किसान संगठन ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**धमतरी।** जिला किसान संगठन ने कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव निवासी प्रशांत साहू की पुलिस कस्टडी में हुई मृत्यु को लेकर उनके परिवार को उचित न्याय दिलाने एवं एक करोड़ की मुआवजा राशि व परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर जनदर्शन में एसडीएम विभोर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा गया। यह जानकारी घनाराम साहू जिला अध्यक्ष धमतरी ने दी है।

### जनपद पंचायत से रवाना हुआ सुपोषण रथ




**नगरी।** राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत मोबाईल क्रैचेस संस्था व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से जनपद पंचायत परिसर नगरी से सुपोषण रथ का शुभारंभ किया गया। दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जपं नगरी, हुमित लिम्जा उपाध्यक्ष जपं नगरी, विमल साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं नगरी, डॉ. अरुण नेताम बीएमओ स्वास्थ्य विभाग नगरी, सोमेंद्र साहू परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नगरी, बीपीएम हितेंद्र साहू ने हरी झंडी दिखाकर सुपोषण रथ को रवाना किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, उपाध्यक्ष सुमित लिमजा ने कहा कि रथ से गांव-गांव में पोषण को लेकर जागरूकता पैदा होगी तथा नगरी क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी। रथ जनपद पंचायत से रवाना होकर ग्रामीण क्षेत्रों की तरफ भ्रमण के लिए निकला जो नगरी विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण पर सुपोषण के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर सदानंद मनीष अजीम प्रेम फाउंडेशन, अजीत मोहन चौधरी, श्याम सिंह, मुकेश वर्मा सहित महिला बाल विकास के सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

कलेक्टर नम्रता गांधी ने ली अधिकारियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों की बैठक

# जल जगार महोत्सव में स्वयंसेवी संस्थाओं की रहेगी सहभागिता

हरिभूमि न्यूज



जिले में 5 एवं 6 अक्टूबर को रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में जल जागरूकता के लिए जल जगार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने बीते दिनों जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि 5 अक्टूबर को जल ओलंपिक, कार्निवाल, रंगोली प्रतियोगिता, जल सभा, नवरात्रि मेला, रूद्रा विथ वाटर, आसमान से कहानी, उद्योगों में हुए बेस्ट प्रेक्टिसेस, कबाड़ से जुगाड़, प्रदर्शनी और विभिन्न खेल कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही कल्चरल नाईट में बैंड प्रदर्शन, ऑर्केरूट्रा, बहरूपिया दिवाकर शो और अन्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। 6 अक्टूबर को गंगरेल ट्रायल रन, जल ओलंपिक, रूद्रा विथ वाटर, आसमान से कहानी सहित आकर्षक और रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

कलेक्टर ने जल जगार महोत्सव में सभी से सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामवासी जल जगार की शपथ लें तथा ग्रीष्मकालीन फसल में धान के बदले दलहन, तिलहन साग-सब्जी की खेती करने लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए उन्होंने स्वयंसेवी संस्था ओज, प्रथम, प्रदान, बीआरएलएफ, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, प्रथम अरोरा संस्थान, रेडक्रॉस, नेहरू युवा केन्द्र, लाईलीहुड कॉलेज इत्यादि को सहभागिता निभाने कहा। शिक्षा विभाग को संकुल स्तर पर उल्लास और डाईट के माध्यम से जल जगार की दिशा में प्रेरित करने कलेक्टर ने कहा।

बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा, आदिवासी विकास विभाग, कृषि, श्रम, जेजेएम, एनआरएलम, स्वास्थ्य, वन, तथा सभी नगरीय निकायों के माध्यम से किसानों को फसल चक्र परिवर्तन संबंधी शपथ दिलाने तथा सहमति हेतु ऑनलाईन फॉर्म भरवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों को कहा। बैठक में सीईओ जिलापंचायत रोमा श्रीवास्तव, आयुक्त नगर निगम विनय पोयाम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग डीके हरदहा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यूएल कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जल जगार महोत्सव में निभाएं अपनी सहभागिता



कलेक्टर नम्रता गांधी ने बीते दिनों नगर निगम धमतरी के सभाकक्ष में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने 5 एवं 6 अक्टूबर को आयोजित होने वाले जल जगार महोत्सव में सभी से अपनी सहभागिता निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले में जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अब तक अनेक कार्यक्रम किए गए हैं। इसके तहत कई गांवों में फसल चक्र परिवर्तन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में आयोजित होने वाले जल जगार महोत्सव के कार्यक्रमों में व्यापारी बंधुओं, समाजसेवियों सहित आमजनों के सहयोग की अपेक्षा भी कलेक्टर ने की। बैठक में कलेक्टर ने जल जगार महोत्सव में होने जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने कहा। बैठक में ननि आयुक्त विनय पोयाम, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल, नरेन्द्र रोहरा, ललित जैन, राजेश जैन सहित अन्य पदाधिकारी और समाजसेवी उपस्थित थे।

## व्हालीबॉल में डीपीएस के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया

दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रायगढ़ जिले में आयोजित राज्य स्तरीय व्हालीबॉल टूर्नामेंट में भाग लिया। अंडर 19 में भाग लेने वाले छात्रों हनी मरकामट, मोनिका वाचम कक्षा 12वीं ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने खेल शिक्षकों और मोनिका के मार्गदर्शन में अच्छा प्रदर्शन किया। यह वास्तव में डीपीएस परिवार और संबंधित छात्रों के माता-पिता के लिए गर्व का क्षण है। इस राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में रायपुर ज़ोन ओवर ऑल चैंपियन रहा। टेबल-टेनिस, खो-खो और व्हालीबॉल जैसे कई अन्य खेल भी थे। हर खेल में रायपुर जोन ने प्रथम पुरस्कार जीता। इस



शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य नितिन कुमार शर्मा एवं शिक्षकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अंत्योदय के प्रणेता थे पं. दीनदयाल उपाध्याय : भानु

- आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपाइयों ने पंडित उपाध्याय की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नगर पंचायत कुरूद में भाजपाइयों ने जनसंघ व भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान इस दिन सदस्यता अभियान के चलते एक सदस्य को 100 सदस्य बनाने के लक्ष्य को सफल बनाने रणनीति तय की गई।



बुधवार को कुरूद नगर के थाना रोड तिराहे पर स्थापित पंडित उपाध्याय की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा सांख्यिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य एवं नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर ने अपने विचार रखते हुए कहा कि देश के महान विचारक, अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने का संदेश दिया। उनके राजनीतिक जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। निश्चित वे दीनों पर दयालु बने, अच्छे विचारक हुए, समाज हित में जो सपने बुने आज वो मोदी सरकार में साकार हुए किन्तु समाज हित बेहतर कार्य होते रहे इसके लिए आवश्यक है कि हम समाज के हर व्यक्ति को जागरूक कर संगठन को मजबूत करें। इसके लिए हम सब अपने दायित्व के अनुपालन में यदि 100 सदस्य बनायें तो निश्चित हमारे बूथ विस में नंबर एक होगा। किसी एक के प्रयास से हम बेहतर सदस्यता की कल्पना नहीं कर सकते।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, किसान नेता लाला राम चंद्राकर, संगीता सेन, खिलेंद्र देवांगन, खेमराज सिन्हा, वर्ष निर्मलकर, प्रकाश चैनवानी, तेजेन्द्र चंद्राकर सहित भाजपाई उपस्थित थे।

## आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने की कृषि मंत्री से मुलाकात

- शहर के पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की सीट बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



प्रदेश के आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम धमतरी प्रवास के दौरान वन विभाग रेस्टहाउस में रूके। इस दौरान आदिवासी समाज प्रमुखों ने उनसे मुलाकात कर नगरी विकासखंड में 3 साल से 250-250 बालक बालिकाओं के लिए तैयार छात्रावास को लेकर बातचीत की। समाजजनों ने बताया कि शासन से स्वीकृति नहीं होने के कारण नवनिर्मित हॉस्टल का संचालन नहीं हो पा रहा है। वहीं धमतरी शहर के पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की 50 सीट को बढ़ाकर 100 सीट एवं बालिकाओं के लिए नए छात्रावास, कुरूद स्थित अनुसूचित जनजाति छात्रावास प्री-मैट्रिक को पोस्ट मैट्रिक करने की मांग की। इसके अलावा जिले के सभी जीर्ण-शीर्ण छात्रावासों को दुरूस्त करने की मांग रखी। मंत्री नेताम को नवरात्रि के मौके पर आदिशक्ति मां अंगारमोती के दर्शन के लिए आमंत्रित किया गया। परिसर के संपूर्ण विकास करने की मांग पर मंत्री ने कलेक्टर एवं मंडी सचिव धमतरी को प्रस्ताव बनाकर एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुलाकात के दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष एवं मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई, डॉ. एआर ठाकुर, शिव नेताम, शिवप्रसाद कोर्राम, संतोष ध्रुव, श्यामलाल नेताम, जीवन कुरैटी, खूबलाल दीवान, सुखदेव मंडावी, भीम मरकाम, रोहिदास मंडावी, रवि मरकाम, रामेश्वर मरकाम, हरिशंकर मरकाम, दिग्विजय सिंह ध्रुव, युवराज मरकाम, महेश्वर ध्रुव, केवल नेताम, तोरण ध्रुव उपस्थित थे।

## पुरुषोत्तम फिर ब्लाक संयोजक चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)



छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लाक इकाई भखारा की शासकीय बालक माध्यमिक शाला भखारा में बैठक हुई। 27 सितंबर को एक दिवसीय हड़ताल के लिए टीम बनाकर प्रत्येक संस्था में पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने पर चर्चा की गई। ब्लाक भखारा का पुनर्गठन संरक्षक पीआर प्रीतम की अध्यक्षता और जिला सह संयोजक दयालुराम साहू, सुलेमान ग्वाल नगर पंचायत, त्रिलोक यादव राजस्व, कमलनारायण सार्वा शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में किया गया। पुनः पुरुषोत्तम निषाद को ब्लाक संयोजक चुना गया। पूर्व कार्यकारिणी को यथावत रखा गया।

मौके पर संरक्षक पीआर प्रीतम, शिवनारायण गजेंद्र, मार्गदर्शक जीपी साहू, सुलेमान ग्वाल, सलाहकार एसआर साहू, केएल सार्वा, महामंत्री हेमंत साहू, कोष प्रभारी बिरेंद्र साहू, सहकोष प्रभारी सीताराम साहू, सचिव रविंद्र कोसरे, सहसचिव भरतलाल साहू, प्रवक्ता चंद्रशेखर निर्मलकर, मोहित साहू, हेमंत चंद्राकर, संगठन मंत्री ओमन साहू, चितेश साहू, घनश्याम प्रसाद वर्मा, पीतांबर साहू, जगन्नाथ यादव, पुरुषोत्तम सेन, टीकमचंद साहू, मीडिया प्रभारी, रोमन रात्रे, हृदयराम सिन्हा, महिला प्रकोष्ठ, सलाहकार माधुरी डडसेना अध्यक्ष, रेणुका बारले, प्रवक्ता मीरा चंद्रकार, महामंत्री उषा साहू एवं फनेश साहू, मोहित साहू, हितेश नेताम, चंद्रिका प्रसाद धनकर, मितेश पाल, सुरेन्द्र चेलक, ठाकुरराम, नंद साहू, खुमेश्वर सिन्हा उपस्थित थे।

## निधन

### शारदा गजेंद्र



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गाड़ाडीह आर निवासी शारदा गजेंद्र का आकस्मिक निधन हो गया। वह बंशीलाल गजेंद्र की पत्नी एवं क्रांति गजेंद्र, ढालेश्वर सिन्हा की मां थीं। अंतिम यात्रा में ग्रामवासी तथा सामाजिकजन शामिल हुए।

### लालजी यादव



**मगरलोड।** ग्राम लुगे निवासी सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी लालजी यादव उम्र 65 वर्ष का निधन 22 सितंबर रविवार को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए। वे लता बाई यादव के पति, नेमसिंग यादव तथा सोहन यादव पिताजी थे।

## छात्र रचनात्मक कार्यों के प्रति समर्पित रहें




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में रासेयो का स्थापना दिवस उत्साह से मनाया गया। व्याख्याता अजय कुमार यादव ने एनएसएस के स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। प्राचार्य बी पदमा राजेश ने कहा कि एनएसएस के छात्र समाज में अलग पहचान रखते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार जैन ने कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य युवाओं को समाजसेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास करना है। उन्होंने एनएसएस के विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शाला नायक नोमेश साहू ने किया। इस अवसर पर संतोष कुमार ध्रुव, चम्पेश्वर साहू, यशोदा साहू, संतोष साहू, उर्वशी साहू, केशव मार्कण्डेय, पूनम साहू, धारिणी नेताम, केशर ध्रुव, मोनिका साहू, व्यास नारायण, प्रतिभा साहू, रेणुका साहू, समीर साहू, उर्वशी निषाद सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### निधन : डॉ. शशि सिंहल



**धमतरी।** रिसाईपारा चर्च के सामने धमतरी निवासी डॉ. श्रीमती शशि सिंहल पति डॉ. स्व. चंद्रकांत सिंहल उम्र 85 वर्ष का 25 सितम्बर को निधन हो गया। अंत्येष्टि आज दोपहर 1 बजे दिल्ली में होगी। वे डॉ. बलराज सिंहल, श्रीमती उमा गुप्ता की मां एवं सेनि आईजी मुकेश गुप्ता की सास थीं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

### साहू सदन में श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

# श्रीमद्भागवत कथा बड़े से बड़े पापियों को भी पापमुक्त कर देती है : रामप्रताप शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



साहू सदन रुद्री में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन कथावाचक आचार्य रामप्रताप शास्त्री



महाराज ने श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि जीवन में यदि मान, बड़ा पद या प्रतिष्ठा मिल जाए तो उसे ईश्वर की कृपा मानकर भलाई का कार्य करना चाहिए, लेकिन यदि उसका जीवन में किंचित मात्र भी अभिमान हुआ तो वह पाप का भागीदार बना देता है। आगे कहा कि अहंकार से भरे राजा परीक्षित ने जंगल में साधना कर रहे शमिक ऋषि के गले में मरा हुआ सर्प डाल दिया। परिणामस्वरूप राजा परीक्षित को एक सप्ताह में मृत्यु का शाप मिला। जब परीक्षित ने अपने सिर से स्वर्ण मुकुट को उतारा तो उन पर से कलयुग का प्रभाव समाप्त हो गया और उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ।

श्री शास्त्री ने कहा कि जब-जब भक्तों पर विपदा आती है तब भगवान उनके कल्याण के लिए सामने आते हैं। परीक्षित को भवसागर से पार लगाने के लिए भगवान शुकदेव के रूप में प्रकट हो गए और श्रीमद्भागवत कथा सुनाकर परीक्षित को अपने चरणों में स्थान प्रदान किया। उन्होंने महाभारत के कई प्रसंग भी सुनाए।

श्री शास्त्री ने कहा कि नारायण की भक्ति में ही परम आनंद मिलता है। उसकी वाणी सागर का मोती बन जाता है। भगवान प्रेम के भूखे हैं। वासनाओं का त्याग करके ही प्रभु से मिलन संभव है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि वासना को वस्त्र की भांति त्याग देना चाहिए। भागवत कथा का जो श्रवण करता है, उन पर भगवान का आशीर्वाद बना रहता है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। कथा सुनने सुनील साहू, केके साहू, सियाराम साहू, रेमन साहू, आरके साहू, रवि साहू, मुकेश पांडे, रामकुमार साहू, गजानंद साहू, माधवेन्द्र हिरवानी, पूर्व विधायक रंजना साहू, गुरु मां कुंबेकर, अर्चना साहू, माया साहू, गूंजा साहू, चांदनी, रूक्मणि साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे।

### विधायक ने कथावाचक शास्त्री से लिया आशीर्वाद



रुद्री के साहू सदन में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। भागवत कथा के प्रथम दिवस विधायक ओंकार साहू सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायक ने श्रीमद्भागवत पुराण की पूजा कर कथावाचक आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज को शाल, श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कर्मा माता मंदिर गोकुलपुर से कथा स्थल साहू सदन रुद्री तक भव्य कलशयात्रा निकाली गई। आदिवासी नृत्य व राउत नाचा की प्रस्तुति देखने को मिली।

# नि:स्वार्थ सेवा ही भाजपा का संकल्प : रंजना



**धमतरी।** जनसंघ के संस्थापक, एकात्म मानववाद के प्रणेता प. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर मोर बूथ मोर अभियान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक मतदान केंद्र से 100 नए भाजपा सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके तहत पूर्व विधायक एवं हटकेशर वार्ड की बूथ पालक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने सर्वप्रथम उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर हटकेशर वार्ड के बूथ में जाकर मोर बूथ मोर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर वार्ड में मोबाइल से ऑनलाइन नया भाजपा सदस्य बनाया। श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि मजबूत भारत के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देना हमारी प्राथमिकता है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में सदस्यता ग्रहण कर देश की समृद्धि व मजबूती के लिए अपना सहयोग दे सकते हैं जिन्होंने सदैव देश के विकास और समृद्धता के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य किए हैं। श्रीमती साहू ने आगे बताया कि पुरोधा स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर मोर बूथ मोर अभियान निश्चित ही भाजपा सदस्यता अभियान को नए मुकाम पर पहुंचाएगा। प्रत्येक मतदान केंद्र में 100 मतदाताओं को भाजपा सदस्य बनाकर इस अभियान को और आगे बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर मुकेश साहू बूथ अध्यक्ष, शहर मंडल महिला मोर्चा रितिका यादव, आशाराम साहू, अंदाश जोशी, परमेश्वर साहू, संतोषी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

# गंगरेल मंडल के बूथ में चला सदस्यता महाभियान



**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर गंगरेल मंडल के सभी बूथ में सदस्यता महा अभियान चलाया गया। मंडल संगठन द्वारा सभी बूथों में जाने वाले नेताओं की सूची बनाई गई थी। हर नेता को अपने बूथ में 100 से ऊपर सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला हुआ था।

इसी कड़ी में मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने अपने बूथ ग्राम बिंद्रा नवागांव में रहकर इस अभियान को सफल किया। कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ चुनाव के समय जनता के बीच में नहीं जाती है बल्कि भाजपा के कार्यकर्ता समय निकालकर कई रचनात्मक कार्य करते हैं। अभियान के माध्यम से जनता के बीच पहुंचते हैं। जनता को योजनाओं की जानकारी मिलती है। कार्यक्रम में बिंद्रा नवागांव के सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता निभाई। मौके पर बूथ अध्यक्ष नोकेश्वर साहू, राजाराम ने भी अपने विचार रखे।

शोक पत्र
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुज्य पिताश्री
दिवस राम कौशल (पटेल)
का देहावसान दिनांक 24.09.2024 मंगलवार को हो गया है। जिसका तिजनहावन एवं संपूर्ण कार्यक्रम 26.09.2024 गुरूवार को रखा गया है। अत: आप सहपरिवार प्रधारकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर हमें कृतार्थ करें।
स्व. श्री दिवसराम कौशल
तिजनहावन एवं संपूर्ण कार्यक्रम
26.9.2024 गुरुवार
स्थान - ग्राम मल्हारी
तालाब कार्यक्रम : सुबह 10 बजे से
भजन कार्यक्रम : दोपहर 12 बजे से
शांति भोज : दोपहर 2 बजे से
शोकाकुल : वामदेव, जोधनराम, चैनसिंह, गैंदलाल, सुरेश, हेमकुमार, दीनानाथ, हुलाल, रामस्वरूप, वासुदेव, राजेंद्र, मिलेंद्र एवं समस्त कौशल (पटेल) परिवार
विनीत
विजय कौशल (पुत्र)
डॉ.जी.डी कौशल (पौत्र)
डॉ.राकेश कौशल (पौत्र)
ग्राम - मल्हारी (नगरी)
मो. +918461898659
जिन स्नेहीजनों को शोक पत्र न मिला हो इसे ही आमंत्रण समझें।

स्वामी जी 93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
23 सितंबर 2024
10 नवंबर 2024
10 जनवरी 2025 मकर संक्रांति
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से
10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

